RAJASTHAN HIGH COURT
सत्यमेव जयते

**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil Contempt Petition No. 664/2023

Satyendra Singh(Retired As Tbhv)

----Petitioner

Versus

Shri Mukul Sharma

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Mahendra Singh Gurjar, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Yash Joshi, Adv. for<br>Mr. Vigyan Shah, AAG |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**<u>Judgment / Order</u>**

**<u>11/11/2025</u>**

विद्वान अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री विज्ञान शाह के लिए अधिवक्ता श्री यश जोशी ने उपस्थित होकर निवेदन किया कि वाद सूची में उनका नाम उल्लेखित हो रखा है, लेकिन राज्य सरकार इसमें पक्षकार नहीं है तथा प्राईवेट कंटेम्नर्स की तरफ से वे उपस्थिति नहीं दे रहे हैं, अतः ऐसी स्थिति में कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि भविष्य में अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री जी.एस. गिल अथवा श्री विज्ञान शाह का नाम उल्लेखित नहीं किया जावे।

इस न्यायालय की खण्ड पीठ द्वारा डी.बी. सिविल रिट पिटीशन नंबर 461/2023 राजेन्द्र प्रसाद शर्मा बनाम पवन कुमार गोयल व अन्य के मामले में पारित आदेश दिनांक 01.04.2025 का सुसंगत भाग निम्नानुसार हैः–

> ''We find that when the contempt petitions come up for hearing, the State counsel appear for State. At that stage, advance notice for contemnor cannot be taken by the State counsel. In case, the State counsel are instructed, after service of notice, to appear on behalf of contemnor, then alone the State counsel may appear."

विपक्षी संख्या– 1 व 2 पर नोटिस सम्यक रूप से तामील होने तथा उनके हस्ताक्षरों से यदि कोई वकालतनामा प्रस्तुत हो रखा है तो उसके संबंध

RAJASTHAN HIGH COURT

में खण्ड पीठ द्वारा पारित आदेश के संदर्भ में कार्यालय स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करे ताकि अग्रिम प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

प्रकरण चार सप्ताह पश्चात सूचीबद्ध हो।

(UMA SHANKER VYAS),J

Mittal /15